# शिल्पग्राम : तमिलनाडु के कावडी कडगम, ओडिशा के संबलपुरी नृत्य ने मन मोहा

## मुक्ताकाशी मंच पर विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों का सतरंगी संगम दिखा

**उदयपुर, (कासं)।** शिल्पग्राम महोत्सव के छठे दिन गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर सैकड़ों लोक कला एवं संगीत प्रेमियों ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और अन्य फोक प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही, लोक धुनों पर खूब जमकर झूमे।

केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 'लोक के रंग-लोक के संग' थीम से सजे देश भर की लोक संस्कृति से लबरेज शिल्पग्राम महोत्सव में छठा दिन भी दर्शकों के लिए यादगार बन गया। गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर तमिलनाडु में देवता मुरुगन (भगवान कार्तिकेय) को रिझाने वाला डांस कावडी कडगम, ओडिशा के पश्चिमी इलाकों में हर पर्व-त्योहार और मांगलिक अवसरों पर होने वाले संबलपुरी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। वहीं, मणिपुर के चेरोल जागोई थांग-ता, पश्चिम बंगाल के राय बैंश और नटुआ (शिव स्तुति) में मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन देख दर्शक खूब रोमांचित भी हुए। इनके साथ ही मणिपुर का पुंगल ढोल चोलम में पुंग-ढोल की जहां खूबसूरत संगत दिखी, वहीं डांसर्स ने खूबसूरत नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया।



उदयपुर के शिल्पग्राम महोत्सव में लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के 'शिल्पग्राम महोत्सव' में मुक्ताकाशी मंच पर डांसर्स ने हरियाणवी घूमर और असम के बिहू डांस पर कदमों की खूबसूरत लयकारी दिखाई तो, गुजरात के राठवा और ओडिशा का भगवान जगन्नाथ को समर्पित गोटीपुआ नृत्यों में नर्तकों ने एक्रोबेटिक करतबों के डांस में सम्मिश्रण का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इन प्रस्तुतियों से पूर्व कार्यक्रम का आगाज नगाडा वादन, गरासिया डांस वालार, पुरुलिया छाऊ नृत्य और मांगणियार गायन और मारवाडी सफेद आंगी गेर से हुआ। वहीं, सफेद आंगी गेर में चंग की धुन और गेरियों के नृत्य ने दर्शकों को होली पर होने वाली बच्चों की ढूंढ की याद दिला दी। दरअसल, यह गेर किसी भी परिवार के बच्चे की पहली होली पर होने वाली ढूंढ पर की जाती है।

मुक्ताकाशी मंच पर हास-परिहास से परिपूर्ण मुकाभिनय 'माइम' ने दर्शकों को इतना गुदगुदाया कि कुछ ही पलों में लोगों ने कई बार ठहाके लगाए। इसके साथ ही बहरूपिया प्रदर्शन ने भी दर्शकों को खूब हंसाया। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि गुरुवार को हॉलैंड

- विदेशी सैलानियों के भी आकर्षण का केंद्र बना महोत्सव, जमकर खरीददारी की

(नीदरलैंड) की युवतियों जेसिका, कैयरा और युवक रायनियर ने हस्तशिल्पियों के स्टाल्स पर उत्पाद देखे, उन्हें सराहा और खरीदारी भी की। जब उन्हें केंद्र के उप निदेशक पवन अमरावत, सीएल साल्वी (अधीक्षण अभियंता) और दुर्गेश चांदवानी (सहायक निदेशक-वित्त एवं लेखा) ने उत्पादों के संबंध में पूछा तो इन्होंने एक स्वर में कहा- वाओ! दिस इज वेरी नाइस एंड एट्रेक्टिव। इसी तरह न्यूजीलैंड के कपल जोनाथन और यास्मीन ने बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'वंडरफुल फेस्टिवल, वी आर परचेसिंग मेनी आइटम्स हियर।' शिल्पग्राम के बंजारा मंच पर चल रहे 'हिवडा री हूक' में हर संगीत प्रेमी को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है।

# कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, सर्दी से लोगों की धूजणी छूटी

## 1.6 गिरावट के साथ 5 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान


लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचाव किया।

**चूरू, (निसं)।** अंचल में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से लोगों की धूजणी छुड़ाकर रख दी है। गुरूवार को लगातार तीसरे दिन घना कोहरा छाया रहा।

कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 5 डिग्री दर्ज किया गया। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे मौसम साफ था, लेकिन दिन चढ़ने के साथ-साथ घना कोहरा बढ़ गया। कोहरे ने सुबह के समय चलने वाले वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। राजगढ़ रेलवे कंट्रोल रूम के अनुसार कोहरे के कारण कई ट्रेनें 15 से 20 मिनट लेट चल रही है।

सर्दी से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। स्कूली बच्चों की शीतकालीन छुट्टियां होने के कारण उनको सर्दी से राहत मिल रही है। कड़ाके की सर्दी के कारण शहर के बाजार सुबह देर से खुलते हैं और शाम को जल्द ही बंद हो जाते हैं। सुबह के समय छाने वाले घने कोहरे से चने, सरसों व गेहूं की फसल को काफी फायदा मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया।

# पुलिस ने इनामी बदमाशों को पकड़ा

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 10 महीने से फरार सट्टा किंग और थाने के हिस्ट्रीशीटर इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। थानाधिकारी हरलाल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में राधामोहन प्रजापत और बनैसिंह प्रजापत को गिरफ्तार किया गया। राधामोहन प्रजापत थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ जुआ और सट्टा संबंधित 14 मुकदमे दर्ज हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गुजरात में छापा मारा, लेकिन आरोपी राधामोहन प्रजापत भनक लगते ही स्लीपर बस से जयपुर की ओर रवाना हो गया। कांस्टेबल पालवेन्द्र को इसकी जानकारी मिलते ही एएसआई ओमीराय और टीम ने पीछा किया और आरोपी को किशनगढ़, जिला अजमेर के बाइपास पर स्लीपर बस से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, आरोपी बनैसिंह प्रजापत को जयपुर से पकड़ा गया। इस कार्रवाई में एएसआई ओमीराय, पालवेन्द्र, जीतेंद्र सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खासकर कांस्टेबल पालवेन्द्र की सक्रियता से यह कार्रवाई सफल रही।

# ट्रक-पिकअप की टक्कर में एक युवक की मौत

**राजलदेसर, (निसं)।** कस्बे से चार किलोमीटर दूर एनएच-11 पर पिकअप और ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। घायल को राजकीय अस्पताल राजलदेसर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर कर दिया।

राजलदेसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल कृष्णदेव सिंह ने बताया कि बिजली विभाग में ठेके पर काम करने वाले दो कर्मचारी गुरुवार को आलसर में बिजली

- हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया

का कोई काम करने जा रहे थे। तभी बीकानेर की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक ने घने कोहरे के चलते दिखाई नहीं देने पर पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में बलरामपुरा निवासी ओमप्रकाश (32) की मौत हो गई, जबकि बावलियां की ढाणी रिंगस सीकर निवासी हरिप्रसाद (42) गंभीर घायल हो गया। घायल को तुरंत राजलदेसर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर किया गया।

सूचना मिलने पर बिजली विभाग के सहायक अभियंता पंकज सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मामले में मृतक के भाई बलरामपुरा निवासी हंसराज की रिपोर्ट पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ गफलत व लापरवाही से ट्रक चलाकर टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप सुपुर्द कर दिया।

## किसान की मौत

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ उपखंड क्षेत्र में इन दिनों तेज सर्दी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इसके चलते सरवाड़ उपखंड के गांव सनोदिया में खेत पर रखवाली करने गए किसान की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया वहीं थाना दीवान शिवचरण ने बताया कि ग्राम सनोदिया निवासी रतनलाल पुत्र नंदा भील अपने खेत पर रखवाली के लिए गया था। सुबह जब रतनलाल का भतीजा प्रहलाद चाय लेकर खेत पर गया तो रतनलाल खेत पर बनी झौपड़ी में अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिस पर उसने मामले की सूचना परिवार वालों व सरवाड़ पुलिस को दी। बाद में उसे सामूदायिक चिकित्सालय लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार किसान की मौत ठंड के कारण होना बताया गया है।

# महिला ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के पोहरी खातुरात गांव में एक महिला ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौरासी थाने के एएसआई जीवनलाल ने बताया कि पोहरी खातुरात निवासी डूंगर डामोर ने रिपोर्ट में बताया कि वह और उसके दो बेटे अहमदाबाद में काम करते हैं। घर पर उसकी पत्नी शांता देवी और बेटी रहती है। उसकी बेटी का फोन आया कि उसकी मां शांता देवी ने घर में खुद की साडी से फँदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना

- पति और बेटे अहमदाबाद में काम करते हैं
- आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ

पर अहमदाबाद से घर पहुंचा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 12वीं परीक्षा में डमी परीक्षार्थी बैठाने वाला इनामी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं) ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओसियां में इस साल मार्च में 12वीं की परीक्षा में डमी परीक्षार्थी को बैठाने के आरोप में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस बारे में ओसियां में केन्द्राधीक्षक की तरफ से शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि अब पुलिस टीम द्वारा फलोदी जिले के मतोड़ा थानान्तर्गत पल्ली निवासी मुकेश पुत्र अणदाराम जाट को गिरफ्तार किया गया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के अनुसार 4 मार्च को परिवादी राउमावि के केंद्राधीक्षक पुखराज चाण्डक ने मय डमी छात्र के आवेदन सम्बंधी रिकॉर्ड के उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश की व बताया कि कक्षा 12वीं परीक्षा के समय स्कूल के छात्र यशवर्धन सिंह के स्थान पर डमी छात्र सुखराम व हरीश बेरड के सथान पर डमी छात्र रेवन्तराम द्वारा बैठकर परीक्षा देते समय संदेह होने पर पूछताछ करने पर दोनों छात्र फर्जी परीक्षा देते हुए पाए गए।

एसपी राममूर्ति ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मुकेश जाट वांछित चल रहा था, जिसे अब पकड़ा गया है। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी मुकेश फर्जी व डमी परीक्षार्थी के रूप में स्वयं व अन्य परीक्षार्थी से सौदा कर बोर्ड परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षा मे बैठाता है, एक बड़ा परीक्षा गिरोह चलाता है। प्रकरण में चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र बामनवास उपखंड मुख्यालय के सुमेल ग्राम पंचायत के अकोदिया ग्राम में हो रहे सार्वजनिक आम रास्ते के खसरा नंबर 274 से बामनवास पुलिस प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटा दिया।

इस बाबत गंगापुर सिटी जिला कलेक्टर को बामनवास पंचायत समिति के विकास अधिकारी ने 20 दिसंबर को एक पत्र भेज कर शिकायत की थी। इस पर जिला कलेक्टर ने 10 पुलिस कांस्टेबल पुरुष व दो महिला पुलिस कांस्टेबल को प्रशासन की सहायता के आदेश देकर अतिक्रमण हटाने वाली टीम को मौके पर पहुंचाकर इस पर कार्रवाई की। पुलिस व प्रशासन ने अतिक्रमण कर सरसों की फसल को जो कि आम रास्ते में खसरा नंबर 274व 275 में उगा रखी थी उसे हटाकर आमजन के लिए खुलासा कर दिया।

# कैशियर, सहायक अभियंता व सहायक राजस्व अधिकारी निलम्बित

## अजमेर डिस्कॉम कैशियर द्वारा करोड़ों का गबन मामला, जांच जारी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 21 दिसंबर को सहायक अभियंता मावली कार्यालय में तैनात कैशियर के विरुद्ध मावली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद निगम के लेखाधिकारी तथा सहायक लेखाधिकारी द्वारा प्रथमदृष्ट्या जांच करने में करीब 1.15 करोड़ रुपयों के गबन का खुलासा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने 24 दिसंबर को कैशियर धर्मवीर चौधरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

इस प्रकरण में गुरुवार को अजमेर

- अन्य कार्मिक के दोषी पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी

डिस्कॉम प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से मावली उपखंड के सहायक अभियंता बृजेन्द्र गहलोत, कैशियर धर्मवीर चौधरी तथा सहायक राजस्व अधिकारी अद्धितीय निमावत को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में इन तीनों का मुख्यालय संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय उदयपुर रहेगा। प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने सभी संभागीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, मुख्य लेखाधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वृत्त लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी को निर्धारित मानकों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए निर्देशित किया है ताकि अनुचित कार्रवाई से बचा जा सके। वर्मा ने कहा कि जांच में जिस भी कार्मिक की संलिप्तता पाई जाएगी, उसके विरुद्ध निगम नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

## निर्माणाधीन रिसोर्ट में चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** अंबामाता थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर निर्माणाधीन रिसोर्ट से 126 किलो तांबे की पत्तियां और 10 से 12 वायर के बंडल चोरी कर ले गए।

पुलिस के अनुसार बाबूलाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी पीपली चौक श्रीमाली कॉलोनी बडगांव ने मामला दर्ज करवाया कि वह शौर्यगढ़ रिसोर्ट एण्ड स्पा में निर्माणाधीन भवन में काम की देखरेख करता है। काम में प्रयुक्त होने वाले स्टोर के सामान की देखरेख एवं लेखा-जोखा भी उसके द्वारा किया जाता है। 21 दिसम्बर को लाइट एवं बिजली उपकरण काम आने वाली पत्तियां एवं वायर को निकालने के लिए गया लेकिन वहां पर सामान नहीं मिला। उसने स्टोर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे तो पता चला कि 19 दिसम्बर रात्रि को लगभग मीन बजे स्टोर मे चोर आया जिसने तांबे की 126 किलो वजनी पत्तियां, वायर के 10 से 12 बण्डल चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पंचायत समिति सदस्य ने होटल के कमरे खुद को बंद किया

## पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला, पिछले तीन दिन से लापता था

**उदयपुर, (कासं)।** एक अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को होटल के कमरे में बंद कर तोड़फोड़ कर दी। होटल कर्मियों ने मशक्कत के बाद उसे दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला तथा पुलिस को सूचना दी। तहकीकात में पता चला कि अज्ञात व्यक्ति पंचायत समिति सदस्य मुकेश गाडरी है जो पिछले तीन दिनों से घर से लापता था।

जानकारी के अनुसार पंचायत समिति सदस्य दौड़ते हुए एक होटल में घुस गए। इसके बाद होटल के एक रूम में खुद को बंद कर लिया और कमरे में तोड़फोड़ भी की। होटल कर्मियों ने बाहर आने को कहा तो चिल्लाते हुए बोले मैं बाहर नहीं आऊंगा तुम लोग मुझे मार डालोगे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और परिजनों को सौंपा।

मामला उदयपुर के हिरणमगरी थाना इलाके के सिटी सेंटर स्थित होटल प्रज्ञा का बुधवार देर रात 11 बजे का है। पूरे मामले के सीसीटीवी फुटेज गुरुवार दोपहर सामने आए। जानकारी की तो पता चला कि वह चित्तौड़गढ़ जिले के भूपालसागर पंचायत समिति सदस्य मुकेश गाडरी (40) है, जो तीन दिनों से अपने घर से लापता थे। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी और उन्हें सौंपा। होटल संचालक ने मामला दर्ज नहीं करवाया है। मुकेश के परिचित सोनू बैरवा ने बताया मुकेश की मानसिक स्थिति करीब एक माह से ठीक नहीं है। परिजन उन्हें लेकर चिंतित हैं और भूपालसागर के स्थानीय अस्पताल में इलाज भी करा रहे हैं। मुकेश 23 दिसंबर से घर पर बिना बताए चले गए थे। परिजन तीन दिन से उन्हें ढूंढ रहे थे। 25 दिसम्बर की रात पुलिस का फोन आया तो पता चला कि वे उदयपुर में हैं। यह अभी तक मालूम नहीं चल पाया कि वो भूपालसागर से उदयपुर क्यों और कैसे पहुंचे। मुकेश गाडरी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। परिजनों का कहना है कि इस युवक पर किसी ने टोना-टोटका कर रखा है, इसी कारण यह मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

# अजमेर में निगम ने दरगाह क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाये

## निगम अधिकारियों को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा साहब के 813वें सालाना उर्स की तैयारियों के मद्देनजर दरगाह बाजार क्षेत्र सहित परिधि इलाके में हुए अस्थाई अतिक्रमणों पर गुरुवार को अजमेर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणों को हटाया। निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और दुकानदारों ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस प्रशासन ने समझाइश कर मामला शांत कराया। निगम अधिकारियों ने दर्जनों दुकानों के बाहर नाली पर किए अस्थाई अतिक्रमण हटाए, कई दुकानों के बाहर से सामान भी जप्त किया।

एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर निगम के दल ने गुरुवार को दरगाह थाना पुलिस और पुलिस लाइन के अतिरिक्त जाप्ते की सहायता से उर्स मेले के मद्देनजर ढाई दिन का झौपड़ा से निजाम गेट, देहली गेट से निजाम गेट और नला बाजार क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण हटाए।


अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों ने विरोध जताया।

करीब दो घंटे चली इसी कार्रवाई के दौरान कई जगह निगम अधिकारियों को विरोध का सामना करना पड़ा। भारी पुलिस की मौजूदगी में दुकानदारों का विरोध ज्यादा देर नहीं चला। दरगाह सहित मेला क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण को जेसीबी के पीले पंजे से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान दरगाह इलाके में दुकानदारों में खलबली मच गई। हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

निगम के एक्सईएन धर्मेंद्र आनंद ने बताया कि दुकानदारों ने नाली पर अस्थाई अतिक्रमण करते हुए पक्के निर्माण कर लिए थे। ये निर्माण न केवल अवैध थे, बल्कि मेले के दौरान आने वाले जायरीन के लिए भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कई दुकानदारों ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि उन्हें अपने सामान हटाने का समय नहीं दिया गया। निगम

- मौके पर पुलिस प्रशासन ने समझाइश कर मामला शांत कराया

अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाई से पहले दुकानदारों को अपने स्तर पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे।

यहां उल्लेखनीय है जिला प्रशासन के साथ गत दिनों हुई बैठकों में अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए जिला कलेक्टर लोक बंधु ने निर्देश दिए थे। अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद पुलिस ने दरगाह क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में शहर के चार थाना पुलिस ने देहली गेट, धानमंडी, दरगाह, लंगर खाना गली, अंदरकोट व ढाई दिन के झौपड़े तक फ्लैग मार्च करते हुए दुकानदारों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# बिस्किट से भरा ट्रक जलकर राख, नौ लाख का नुकसान

## चालक ने तत्परता से ट्रक से उतरकर अपनी जान बचाई

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के बांदनवाड़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-48 पर गोवलिया में बुधवार देर रात बिस्किट से भरा एक ट्रक बर्निंग ट्रक बन गया। ट्रक में अचानक आग लगने ट्रक में भरा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दमकल और पुलिस की तत्परता से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

- दमकल और पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पाया गया

गया। आग लगने से करीब नौ लाख रुपये का नुकसान होना बताया गया है।

बांदनवाड़ा चौकी प्रभारी गिरधर सिंह राठौड़ ने बताया कि यह हादसा विजय कमल पेट्रोल पंप के पास बीती रात हुआ। ट्रक अजमेर से भीलवाड़ा जा रहा था और उसमें बिस्किट भरे हुए थे। अचानक पेट्रोल पंप के सामने ट्रक में स्पार्किंग होने लगी, जिसके कारण ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा। चालक ने तत्परता से ट्रक से उतरकर अपनी जान बचाई, लेकिन ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

घटना के दौरान हाइवे पर यातायात प्रभावित हुआ। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। हाईवे पर अचानक हुए हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर यातायात को डाइवर्ट किया। ट्रक में आग लगने के बाद आसपास चल रहे अन्य वाहन चालकों ने आनन-फानन में वाहनों को एक ओर ले गए।